तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 26 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 रिकार्ड में 52 हजार मीट्रिक टन धान सोसाइटियों ...



11 104 करोड़ के प्रोजेक्ट में 8 टंकियां, 6 ही बना पाई ...



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

## स्कूलों में मनाया जाएगा प्रवेश उत्सव, बच्चों का किया जाएगा स्वागत

# आज से खुलेंगे स्कूल, लौटेगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर

नारायणपुर सहित क्षेत्र में लगभग दो महीनों के ग्रीष्म अवकाश के बाद 26 जून से जिले के विद्यालयों के पट फिर से खुल जाएंगे। इसके साथ ही विद्यालयों में करीब 2 महीने छुट्टी के बाद बच्चों की चहलकदमी फिर से दिखाई देगी। इस वर्ष 18 जून से शुरू होने वाला नया शिक्षा सत्र भीषण गर्मी के कारण शुरू नहीं हुई, सरकार ने गर्मी को देखते हुए आठ दिनों का ग्रीष्म अवकाश को बढ़ा कर 25 जून तक अवकाश घोषित कर दिया था।

उसके बाद अब 26 जून से विघालय के दरवाजे फिर से खुल जाएंगे। इसके साथ ही नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हो जाएगी। विद्यालय खुलते ही प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। स्कूल खुलते ही स्कूलों में प्रवेश उत्सव का आयोजन होगा। जहां विद्यालय में नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर प्रवेश दिया जाएगा। यह उत्सव आगामी 15 जुलाई तक मनाया जाएगा। स्कूल खुलने को लेकर व प्रवेश उत्सव को लेकर विद्यालय में तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। स्कूलों की साफ सफाई की जा रही है।

**समय-सीमा की बैठक में विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**

## कलेक्टर शर्मा ने की शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियों की समीक्षा



**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले में प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्य और विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को 26 जून को शाला प्रवेशोत्सव के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए ज्यादा से ज्यादा बच्चे स्कूलों में प्रवेश कराने हेतु गावों तथा शहरी वार्डों में जमीनी स्तर पर ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करते हुए बच्चों सहित उनके पालकों को भी स्कूलों में प्रवेश कराने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी करने तथा जिले के छात्र-छात्राओं को स्वच्छ व सुन्दर वातावरण में गुणवत्तायुक्त शिक्षा दिए जाने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए। कलेक्टर ने प्रारंभ से ही जिले में अध्ययन-अध्यापन के लिए बेहतर माहौल तैयार करते हुए आवश्यक रूपरेखा बनाए जाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए गए।

## पीएम आवास में गड़बड़ी, उठ रही जांच व कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

- जनप्रतिनिधि के परिवार को लाभ पहुंचाने की चर्चा

नगर पंचायत देवकर में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आ रहा है। सूत्रों के अनुसार जहां पात्र हितग्राही दर-दर भटकने को मजबूर हैं, वहीं स्थानीय नगर पंचायत में बैठे जनप्रतिनिधि वर्तमान पार्षद के परिवार के नाम एक से अधिक प्रधानमंत्री आवास आवंटन किया गया है। सरकार के नियम के अनुसार शासन द्वारा मानदेय प्राप्त जनप्रतिनिधियों को इनका लाभ नहीं दिया जा सकता। इसके उलट उल्टा यहा सभी जनप्रतिनिधियों के नाम पर या उनके भाई के नाम पर आवास स्वीकृत कर पूर्ण भुगतान भी किया जा चुका है, जो गंभीर जांच का विषय है।

**जमीन किसी और का बना किसी और के नाम से:** नियम और कानून के हिसाब से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उसी व्यक्ति को दिया जाता है जिसकी खुद की जमीन हो और जमीन उनके खुद के नाम पर हो। लेकिन नगर पंचायत देवकर द्वारा नियमों को ताक पर रखते हुए ऐसे कई आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें जमीन किसी और ▶▶| शेष पेज 11 पर




### नियम विरूद्ध कार्य पर होगी कार्रवाई

जो शासन के नियमों के विरुद्ध कार्य करेगा, उस पर शासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी।
- **लोकेश्वर साहू** ज्वाइंट डायरेक्टर, दुर्ग

### शिकायत पर होगी कार्रवाई

ऐसा कोई जानकारी मुझे प्राप्त नहीं हुई है। ऐसी कोई जानकारी या लिखित में शिकायत मिलती है, तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
- **मनीष गायकवाड़**
सीएमओ, नगर पंचायत देवकर

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में प्रवेश के लिए शुरू हुई प्रक्रिया

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ की सभी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में सत्र 2024-25 एवं 2024-26 के एक वर्षीय व दो वर्षीय व्यवसाय (एनसीवीटी /एससीवीटी) में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थी 22 जून से 3 जुलाई तक कर पंजीयन सकते हैं।

### बाइक समेत खदान में गिरा, युवक की मौत

**भिलाई।** बाइक समेत पत्थर खदान तालाब में गिरे युवक की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि घटना रविवार की रात की है। ग्राम खपरी निवासी भूपेंद्र गोयल कुम्हारी से अपनी बाइक में घर जाने के लिए निकला था। देर रात होने से भूपेन्द्र अपनी बाइक से पत्थर खदान कुम्हारी होते हुए जा रहा था। अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और युवक सीधे खदान के भीतर जा गिरा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और शव को बाहर निकाल कर पीएम के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि खदान लगातार मूरम खुदाई के चलते बड़ा तालाब जैसा बन गया है। रात होने के कारण युवक को सड़क का अंदाजा नहीं हो पाया। जिससे बाइक समेत युवक खदान में जा गिरा।

### दोपहिया ने टहल रहे युवक को मारी टक्कर मौत

**भिलाई।** सड़क पर टहल रहे युवक को बाइक सवार ने ठोकर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि बेलाही पारा पाटन निवासी गणेश राम पेंडरिया ने शिकायात किया है कि 23 जून की शाम 7.30 बजे खाना खाकर अपने घर के छत पर टहल रहा था। इस दौरान बडा भाई घर के सामने सड़क पर टहल रहा था। तभी बाइक सावर ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए बडे भाई को जोरदार ठोकर मार दी। जिसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया है। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी बाइक चालक सीजी 07 बीव्ही 1613 है। हादसे में भाई को सिर समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई। गौरतलब हो कि शहर व ग्रामीण थाना क्षेत्रों में सड़क हादसा रूकने का नाम नहीं ले रहा है।

## नवनिर्मित न्यायिक कर्मचारी आवासीय परिसर सिंघौरी में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- न्यायिक कर्मचारियों ने लगाए पौधे



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के आदेशानुसार एवं अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश वृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण अधिनियम प्रबंधन के तहत नव निर्माण न्यायिक आवासीय परिसर भवन सिंघौरी, जिला बेमेतरा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के लिए न्यायिक कर्मचारियों ने पौधे लगाए। साथ ही पैरालिगल वॉलिटियर्स एवं न्यायिक कर्मचारियों के द्वारा आस-पास के लोगों को बताया गया कि कोई भी व्यक्ति अपने द्वारा उत्पन्न ठोस कचरे को अपने परिसर के बाहर सड़कों, खुले सार्वजनिक स्थल पर, नाली में या जलीय क्षेत्रों में ना फेंके, न जलाये अथवा न दफनायें व पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाये। साथ ही उन्हें गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग करवाने के लिए और वृक्षारोपण के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के बाद पैरालीगल वॉलिंटियर्स द्वारा आगामी नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई ▶▶| शेष पेज 11 पर

## जनदर्शन में पहुंचे फरियादी, मिले 44 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कलेक्टर शर्मा ने सुनी लोगों की समस्याएं



कलेक्टोरेट में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले 44 आवेदकों ने अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जन चौपाल में आने वाले सभी लोगों की समस्या और उनके समाधान का निराकरण भी किया जाता है। आज के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज के जन चौपाल में 44 आवेदन विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित थे जिन्हे संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण हेतु भेजा गया। जन चौपाल में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुँचे लोगों में से तहसील बेमेतरा के ग्राम मंजगांव निवासी मिलाप दास ने निजी जमीन की रजिस्ट्री कराकर राशि हड़पने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील बेमेतरा ग्राम मरजादपुर के समस्त ग्रामवासी ने गांव के गली रोड को सीमेंट्रीकरण करने के संबंध में आवेदन दिया।

### नहर पार की सफाई व कांक्रीटीकरण की मांग

तहसील बेमेतरा ग्राम भुरकी निवासी चंद्रिका प्रसाद घृतलहरे ने विगत वर्षो से लगातार नहर पार पूरी तरह सफाई नहीं करने और सीमेंट्रीकरण के संबंध में आवेदन दिया। तहसील थानखम्हरिया ग्राम हरदास निवासी टेकराम साहू ने पी.एम. जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत घर में नल कनेक्शन नही लगाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील नवागढ़ ग्राम अंधियारखोर त्रिलोक कुमार ध्रुव ने ग्राम पड़कीडीह के लगानी जमीन के सामने कब्जा कर रास्ता बंद करने के संबंध में आवेदन दिया। इसी तरह मुआवजा राशि दिलाये जाने के संबंध में तहसील दाढ़ी ग्राम दमईडीह नजरू, तहसील नांदघाट ग्राम बुंदेला निवासी टेकेन्द्र कुमार ने आर बी.सी. 6-4 के तहत राशि भुगतान के संबंध में, अतिक्रमण हटाने, नामांतरण करने, आर्थिक सहायता प्रदान करने आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एडीएम अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग सहित संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पार्षद कोठारी के खिलाफ लामबंद हुआ साहू समाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- पीड़ित पक्ष को प्रताड़ित करने और आरोपियों को संरक्षण देने का लगाया आरोप

विगत 31 मई को शहर स्थित मॉल के मैनेजर रवि अग्रवाल एवं संतोष जैन द्वारा दुकान की कर्मचारी पूजा साहू के साथ मारपीट एवं छेड़छाड़ घटना हुई थी। उक्त मामले को लेकर रविवार को जिला साहू संघ बेमेतरा की बैठक हुई। इस दौरान संघ ने पार्षद नीतू कोठारी पर पीड़ित पक्ष को डरा धमकाकर, प्रलोभन एवं मानसिक रूप से प्रताड़ति कर आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। साहू संघ के अनुसार कोठारी ने अपने पद का दुरुपयोग कर पीड़ति को धमकाया है। पीड़ति पक्ष एवं परिजन की मान मर्यादा को कुचलने का प्रयास किया गया। नीतू कोठोरी को सह आरोपी बनाये जाने को लेकर पहले भी समाज द्वारा आवेदन दिया जा चुका है, किन्तु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे समाज आक्रोशित है एवं उक्त घटना की निंदा करता है। साहू समाज ने निर्णय लिया है कि पीड़िता पूजा एवं परिजन को प्रताड़ति करने तथा आरोपी रवि अग्रवाल एवं संतोष जैन को संरक्षण देने वाली पार्षद कोठारी पर कार्रवाई नहीं होने पर साहू समाज उग्र आंदोलन करेगा।बैठक में जिला साहू संघ बेमेतरा के अध्यक्ष गेंदराम साहू, शत्रुहन साहू खोमराम साहू, लालाराम साहू, प्रेम साहू, बसंत साहू, पंचराम, ओंकार साहू, हनुमत साहू, रामाधार साहू, दीनबंधु साहू महेश साहू, रामकुमार साहू, अंगेश्वर साहू कमला साहू, अनिता साहू, सीमा साहू, देवराम साहू, हीना साहू, दिनेश साहू किशोर साहू, धनसिंह, दानेश्वर यशवंत, रघुनाथ, भागवत, आजू राम, सोहन आदि उपस्थित रहे।

### सभी समाज का आदर करती हूं : नीतू

इस संबंध में पार्षद नीतू कोठारी ने कहा कि साहू समाज के साथ-साथ सभी समाज मेरे लिए सम्माननीय हैं। बीते पार्षद चुनाव में हार के कारण व्यक्तिगत खीझ के चलते कारण एक व्यक्ति समाज में भ्रम उत्पन्न कर रहा है।

## श्री रामलला दर्शन के लिए आज अयोध्या रवाना होगा जिले के 60 श्रद्धालुओं का दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों से ली जानकारी

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलक्टोरेट के सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर ने 26 जून को रामलला दर्शन के लिए रवाना होने वाले श्रद्धालुओं की जानकारी लेते हुये उनके मेडिकल फिटनेस, सुबह जाने का समय आदि की जानकारी ली। इस पर जिला पंचायत सीईओ ने बताया की बेमेतरा जिले से कुल 60 श्रद्धालु सुबह 7 बजे बेमेतरा कलेक्टोरेट मुख्यालय से दुर्ग के लिए रवाना होने, इसके लिए सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्ण अपूर्ण सहित अद्यतन स्थिति की तहसीलवार जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की ▶▶| शेष पेज 11 पर

### खाद-बीज का हो पर्याप्त भंडारण

कलेक्टर ने कृषि विभाग से जिले में खाद व बीज भंडारण एवं वितरण की समीक्षा कर पर्याप्त खाद-बीज भंडारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने खाद-बीज की उपलब्धता की जानकारी लेते सोसायटी में शतप्रतिशत खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारीयों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, सर्व एसडीएम सहित जिला स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

### युवक पर प्राणघातक हमला, अपराध दर्ज

**भिलाई।** युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 307 के तहत कार्रवाई किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कृष्णानगर अम्बेडकर चौक निवासी प्रवीण गायकवाड पर गणेश चौक के पास प्राण घातक हमला करने की सूचना पेट्रोलिंग टीम को मिली थी। मौके पर पहुची पुलिस ने घायल को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया। पीड़ित ने बताया कि लोकेश सोनी नामक युवक ने गाली गलौज कर धारदार चाकू से हमला कर फारर हो गया।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## नगर पालिका अध्यक्ष ने नगर पालिका घेराव की निंदा की

# मीठे जल को लेकर भाजपा गंदी राजनीति कर रही है : शकुंतला


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू ने भाजपा द्वारा नगर पालिका घेराव की घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा बेमेतरा की जनता को भरमाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को बहुत अच्छी तरह से मालूम है कि जल आवर्धन पेयजल योजना का शुभारंभ भाजपा के कार्यकाल में ही हुआ था और 16 करोड़ रुपए की बंदरबोट किस तरह की गई थी, वह आम जनता अपनी आंखों से देख चुकी है। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने अपनी ओर से बेहतर प्रयास किया कि बेमेतरा के सभी वार्डों में जल आवर्धन योजना अंतर्गत मीठे जल का वितरण हो सके। किंतु पीएचई विभाग की लापरवाही एवं भर्राशाही के कारण वह कार्य पूर्ण नहीं हो सका। आज जब भाजपा सत्ता सरकार में है, तो इस योजना को पीएचई विभाग से पूरी करवाने के बजाय नगर पालिका पर दोष मढ़ना भाजपाइयों का चरित्र दिखाता है, कि वह किस तरीके से आम जनमानस को भ्रमित करते हैं। साथ ही साथ नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आते ही नगरी निकायों से उनके वित्तीय अधिकारों में कटौती की गई है तथा नगर में चल रहे विकास कार्यों में रोड़ा अटकाया जा रहा है। भाजपा के पदाधिकारी इतना सब करके भी नगर पालिका को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ज्यादा अच्छा होगा कि नगर के ▶▶| शेष पेज 11 पर

### विधायक दीपेश और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू ने विधायक एवं कलेक्टर बेमेतरा से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा तथा नगर पालिका के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के बीच संवादहीनता सहित विभिन्न मुद्दों को रखा। नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू ने कलेक्टर बेमेतरा से मांग की है कि नगर पालिका के माध्यम से होने वाले बस स्टैंड परिसर निर्माण को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए कदम उठाए जाएं। साथ ही माता भद्रकाली तालाब एवं परिसर के अपूर्ण निर्माण एवं पाडेय तालाब का सौंदर्यीकरण ▶▶| शेष पेज 11 पर



## खबर संक्षेप



### नगरीय निकायों पर बकाया बिजली बिल 789 करोड़

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों का बिजली बिल 789.15 करोड़ रुपए बकाया है। यह बिल मार्च की स्थिति में है। अब ऊर्जा विभाग ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से यह बिल अदा करने के लिए कहा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी संयुक्त संचालकों से कहा है कि वे मार्च 2024 की स्थिति में निकायवार बकाया बिल एवं पेनाल्टी की राशि की जानकारी भिजवाएं, ताकि बिल अदा करने के लिए के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। भारत सरकार द्वारा लागू की गई आरडीएएस योजना के दिशा निर्देशों के तहत शासकीय विभागों को मार्च 2022 की स्थिति में बकाया बिजली बिलों का भुगतान तीन किस्तों में तथा चालू वित्तीय वर्ष का भुगतान उसी साल में किए जाने की अनिवार्यता है। ऊर्जा विभाग ने अब बकाया राशि का भुगतान करने कहा है।

### यादव महासंघ ने मनाया विश्व संगीत दिवस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ द्वारा सामाजिक भवन में रविवार को विश्व संगीत दिवस मनाया गया। इस दौरान संगीत के सुधिजन कलाकारों ने संगीत सरिता में डुबकी लगाई और श्रोता अंजलि भर-भरकर गीत गंगा का रसपान करते रहे। श्रोताओं की खूब वाहवाही और ताली बटोरी। इस मौके पर महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि इस वर्ष का विश्व संगीत दिवस, दिवंगत रमजान सज्जाद (रफी फेम) को बतौर श्रद्धांजलि समर्पित किया गया। ज्ञात हो कि रमजान भाई रायपुर संगीत समिति और गुलशन कुमार के टी-सिरीज एलबम से बरसों तक जुड़े रहे तथा दो दिन पूर्व 22 जून को ही उनका इंतकाल हुआ है। कार्यक्रम में उभरते सात गायक कलाकार अजय यादव, लक्ष्मण यादव, सुजीत सिंह, राजेश यादव, रविंद्र सिंह रवि, हेमंत यादव एवं वीरेंद्र यादव आदि शामिल थे।

### संत कबीर प्रकटोत्सव निकाली कलश यात्रा



**रायपुर।** मानिकपुरी समाज की कबीर सिंहासन धाम समिति द्वारा संत कबीर प्रकटोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिवार भवन सिद्धार्थ चौक टिकरापारा से कबीर सिंहासन धाम भाग-1 बोरियाखुर्द तक धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद काठाडीह सिंहासन धाम में भजन गायन, कबीर वंदन, चौका आरती का कार्यक्रम और भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में महंत बुधारी दास तथा महंत वल्लभदास द्वारा कबीर साहेब के विचार तथा उनके लीलाओं का व्याख्यान किया गया। बोरियाखुर्द कबीरपंथ विकास समिति के सचिव ने बताया कि कार्यक्रम में राजेश हिवार, कमला हिवार, सावित्री हिवार के अलावा सदस्य प्रकाश, कुलदीप, मंजू और विकासराज, प्रीति दास, भूपेश दास, आशा दास आदि शामिल थे।

### दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण की बैठक

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण की शासी निकाय की बैठक सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव तथा दत्तक ग्रहण अभिकरण की शासी निकाय की अध्यक्ष शम्मी आबिदी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में दत्तक ग्रहण प्रकरणों की समीक्षा की गई।

# रिकार्ड में 52 हजार मीट्रिक टन धान सोसाइटियों में, जांच में मिला तीन हजार, होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान 149 लाख मीट्रिक में से करीब 52 हजार मीट्रिक टन धान सोसाइटियों में जमा है। यह तथ्य खाद्य विभाग की वेबसाइट का रिकार्ड बता रहा है, लेकिन सोसाइटियों की जांच करने के बाद ये बात सामने आ रही है कि सोसाइटियों में केवल तीन हजार मीट्रिक टन धान बचा है। बड़ा सवाल ये है कि यह धान कहां गया? इस संबंध में मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने कहा है कि सोसाइटियों से पूछा जाएगा कि ये धान कहां गया। आंकड़ों का मिलान कर पूरी जांच की जाएगी। राज्य सरकार ने खरीफ सीजन 2023-24 में नवंबर 2023 से 4 फरवरी के बीच प्रदेश के सभी जिलों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की थी। पूरे सीजन में 149 लाख मीट्रिक टन धान की रिकार्ड खरीदी की गई थी। धान खरीदी के साथ ही मिलरों को कस्टम मिलिंग के लिए सोसाइटियों से धान दिया जा रहा था, लेकिन इसके बाद 24 जून की स्थिति में रिकार्ड के मुताबिक सोसाइटियों (उपार्जन केंद्रों) में बाकी धान की मात्रा 52 हजार 402 मीट्रिक टन दिख रही है। मोटे तौर पर देखा जाए तो ये दिखता है कि सोसाइटियों से धान का उठाव (परिवहन) नहीं हो सका है।

## 25 जिलों की सोसाइटियों में बाकी था धान, कहां गया, होगी पूछताछ

### सोसाइटियों में बचा है मात्र 3 हजार टन

सोसाइटियों में जब बाकी बचे धान की मात्रा की जांच की गई तो पाया गया कि मात्र 3 हजार मीट्रिक टन धान ही बाकी है। इस बात पुष्टि मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने की है। उन्होंने कहा है कि सोसाइटियों से पूछा जाएगा कि उनके पास से धान कहां गया, ये धान सूखत के कारण वजन कम होने से कम हो गया या कोई और कारण हैं। उन्होंने कहा कि जो बाकी बचा धान है, उसे तीन दिनों में उठा लिया जाएगा। इसके बाद डाटा मिलान करेंगे। सोसाइटियों से जानकारी लेंगे।



### इन जिलों में बाकी दिख रहा है धान

सरकारी वेबसाईट के रिकार्ड के मुताबिक इन जिलों की सोसाइटियों (धान उपार्जन केंद्रो) में धान की बची मात्रा दिख रही है। इनमें बस्तर, बीजापुर,कांकेर, कोंडागांव, सुकमा, बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़, बिलाईगढ़, बालोद, बेमेतरा, कर्वधा, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-चौकी, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया, सरगुजा, शामिल है। हालांकि कई जिलों में धान का पूरा उठाव होने के बाद वहां बाकी धान की मात्रा शून्य दिख रही है।

## एमआईसी बैठक में परिसीमन पर चर्चा

# महापौर ढेबर ने कहा- मापदंड के अनुसार होगा तो समर्थन देंगे, नहीं तो जाएंगे कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मेयर इन काउंसिल की बैठक में मंगलवार को निगम क्षेत्र में प्रस्तावित वार्डों के परिसीमन पर चर्चा हुई। इसमें एमआईसी सदस्यों ने कहा कि परिसीमन मापदंड के अनुसार होगा, तो इसे समर्थन देंगे, नहीं तो इसका विरोध करेंगे। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि वर्ष 2019 में 2011 की जनसंख्या के आधार पर वार्डों का परिसीमन हुआ था। इस बार भी इसी आधार पर परिसीमन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सही मापदंड से परिसीमन किया जाएगा, तो एमआईसी भी इसका समर्थन करेगी, लेकिन अगर मापदंड से नहीं हुआ, तो इसके विरोध में कोर्ट भी जाएंगे।

निगम मुख्यालय में मंगलवार को महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक हुई। इस बैठक में 5 एजेंडे लाए गए थे, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अलावा बैठक में नगरीय निकाय चुनाव से पहले निगम क्षेत्र के वार्डों में होने वाले परिसीमन को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में एमआईसी सदस्यों के बीच सहमति बनी कि परिसीमन को इसी शर्त पर समर्थन देंगे कि सभी वार्डों की जनसंख्या में ज्यादा अंतर न हो। यानी अगर एक वार्ड की जनसंख्या 14 हजार है, तो दूसरे वार्ड की जनसंख्या भी उसके जितनी या उसके करीब हो। यानी वार्डों की जनसंख्या का डिफरेंस 5 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होना चाहिए। महापौर ने परिसीमन को लेकर मापदंड सार्वजनिक नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि परिसीमन किन मापदंडों के अनुसार कराया गया है इसकी जानकारी किसी भी पार्षद को नहीं है। ऐसे में अगर परिसीमन में मापदंड का पालन नहीं किया गया, तो इसके विरोध में हम कोर्ट भी जाएंगे। एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार ने कहा कि परिसीमन को लेकर हमारा कोई विरोध नहीं है। परिसीमन नियम के अनुसार होना चाहिए। ज्ञानेश शर्मा ने भी कहा कि परिसीमन होना चाहिए यह वार्ड की जनता के हित में है। परिसीमन मापदंड के अनुसार होना चाहिए।



### पूर्व परिसीमन में कुछ त्रुटियां हुई हैं, जनता के हित में सुधारा जाना जरूरी

इधर नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का इस मामले में कहना है कि पूर्व में हुए परिसीमन के दौरान किसी-किसी वार्ड की सीमा को लेकर त्रुटियां हुई हैं। इसके कारण उन वार्डों में विकास कार्य कराने में पार्षदों को भी कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके कारण उस वार्ड की जनता को परेशानी होती है। नए सिरे से परिसीमन होने से पूर्व में हुई त्रुटियां खत्म हो जाएंगी। इससे पार्षद भी अपने-अपने वार्ड में विकास कार्य करा पाएंगे, जिससे जनता की समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पार्षद चुनाव में हमेशा जीते ऐसा मुमकिन नहीं है, क्योंकि इसका फैसला जनता करती है। परिसीमन जनता के हित व भविष्य को देखते हुए किया जाता है, इसलिए इसका विरोध करना गलत होगा।

### इन एजेंडों पर लगी मुहर

- एमआईसी में निगम वित्त विभाग का प्रस्ताव लाया गया, जिसमें 11 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति व्यय राशि के रूप में 7 लाख 88 हजार 706 रुपये भुगतान करने की स्वीकृति दी गई।
- जोन-10 क्षेत्र के रानी दुर्गावती वार्ड नंबर 50 के अंतर्गत राम मंदिर के पास नाला निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 98 लाख 76 हजार रुपए प्रस्ताव को मिली मंजूरी।
- एमआईसी में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक मुक्तानंद चंद्राकर के संविदा नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव लाया गया था। वे 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। निगम सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से लाए गए प्रस्ताव पर एमआईसी ने मुहर लगाई है। हालांकि इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा।
- एमआईसी में कांजी हॉउस स्थित भूतल दुकान क्रमांक 6 के लीज नवीनीकरण प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। जोन 4 राजस्व विभाग की ओर से प्रस्ताव लाया गया था।

## आश्वासन के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

योग दिवस से प्रारंभ हुई सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की हड़ताल चौथे दिन स्थगित कर दी गई है। टीम बनाकर उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है, जिसके बाद उन्होंने काम पर लौटने का फैसला लिया है। सीएचओ द्वारा लंबित मानदेय और सही तिथि पर भुगतान सहित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 21 जून से हड़ताल पर थे। जिला मुख्यालय स्तर पर उनके द्वारा धरना प्रदर्शन के माध्यम से अपना विरोध जताया जा रहा था। सीएचओ की इस हड़ताल को प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा भी समर्थन दिया गया था। सोमवार को उनकी मांगों पर एनएचएम के अधिकारियों से चर्चा हुई और उन्होंने हड़ताल स्थगित करने की घोषणा कर दी। सीएचओ संगठन के संयोजक प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि अधिकारियों ने कहा है कि कार्य आधारित मानदेय समस्त जिला में स्थानांतरित कर दिया गया है, जिसके समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का माह 2024 तक पूर्ण भुगतान किया जायेगा।

## सिंधी समाज के मिट्री माइट्री डॉट कॉम का शुभारंभ आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा सिंधी समाज में युवक-युवतियों के रिश्ते में आ रही परेशानियों को देखते हुए समाज की सुविधा के लिए मिट्री माइट्री डॉट कॉम पोर्टल का शुभारंभ 26 जून को किया जाएगा। यह शुभारंभ शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल करेंगे। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयानी और सुभाष बजाज ने बताया कि इस आयोजन के अलावा छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की बहुप्रतीक्षित कार्यकारिणी की घोषणा भी 26 जून को संतों की उपस्थिति में की जाएगी। इसी दौरान संयोजक बलराम आहूजा व तनेश आहूजा ने बताया कि समाज में विगत कई वर्षों से युवक-युवतियों के रिश्ते में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यह समस्या लगभग पूरे भारतवर्ष में सिंधी समाज के युवक-युवतियों के लिए निरंतर महसूस की जा रही है। इन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए तथा रिश्ते सुचारू रूप से तय हों।

## समाज में शांति के साथ विकास के लिए कृत-संकल्पित है छत्तीसगढ़ सरकार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार हर समाज में शांति एवं सद्भावना बनाए रखने के साथ विकास के लिए कृत-संकल्पित है। सरकार के इस कार्य को अंजाम देने में शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले सतनामी समाज का भी पूर्ण सहयोग है। ये बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में राजागुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के नेतृत्व में आए सतनामी समाज के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान कही। इस अवसर पर आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब सहित प्रदेशभर से आए सतनामी समाज के राजमहंत भी उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि हाल ही में बलौदाबाजार जिले की घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इसमें दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि शासन-प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई पूर्णतः न्यायसंगत होगी। इस अवसर पर सतनामी समाज से राजमाता गुरुमाता प्रवीण माताजी, गुरु सोमेश बाबा, गुरु सौरभ साहेब सहित राजमहंत जैत कुमार सतनामी, राजमहंत अनूप सतनामी, राजमहंत कामता प्रसाद, राजमहंत कुंजन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## अब तक जारी नहीं हुई विस सत्र की अधिसूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र की अधिसूचना अब तक जारी नहीं पाई है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मानसून सत्र को लेकर प्रस्ताव संसदीय कार्य विभाग को भेजा था। प्रस्ताव पर अब तक स्वीकृति नहीं मिलने के कारण विधानसभा सत्र की अधिसूचना जारी नहीं हो पाई है।



13 जून को विधानसभा अध्यक्ष ने इस संबंध में मीडिया से कहा था 22 जुलाई से मानसून सत्र आहूत किया जाएगा। सत्र के लिए अधिसूचना एक माह पूर्व जारी की जाती है। अधिसूचना जारी नहीं होने को लेकर कहा जा रहा है कि कहीं तारीखों में परिवर्तन तो नहीं हो रहा। नियमानुसार विधानसभा सत्र की अधिसूचना जारी होने के बाद लगभग 20 दिन सवाल लगाने के लिए सदस्यों को समय दिया जाता है। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि अभी तक सचिवालय को कोई सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलने के बाद अधिसूचना जारी होने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। भाजपा सरकार के शपथ लेने के बाद अब तक दो सत्र हो चुका है। मार्च में बजट सत्र के बाद मानसून सत्र की तैयारी है। राज्य सरकार के छह माह का कार्यकाल पूरा होने के बाद सरकार के कामकाज और अब तक हुई घटनाओं को लेकर विपक्ष पूरी नजर बनाए हुए है। आने वाले दिनों में अधिसूचना जारी होने के बाद विधायक अपने सवाल लगाने शुरू करेंगे।

# सुशासन एवं अभिसरण विभाग में मर्ज होगा नवाचार आयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य सरकार नवाचार आयोग को नए विभाग सुशासन एवं अभिसरण विभाग में मर्ज करने जा रही है। वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है, जहां से मंजूरी मिलते ही आयोग को बंद कर दिया जाएगा। कांग्रेस सरकार ने फरवरी में इसके गठन की अधिसूचना जारी की थी। कांग्रेस सरकार के बदलते ही जनवरी में विवेक ढांड ने इस्तीफा दे दिया था, इसके बाद से आयोग में काम ठप हो गया था। सचिव आरके सिंह का कार्यकाल भी 21 जून को खत्म हो गया है।

नवाचार आयोग के लिए कांग्रेस सरकार के समय अलग से बजट जारी किया गया था। बजट में राज्य नवाचार आयोग के लिए 1.25 करोड़ रुपये बजट प्रावधान किया गया था। आदिम जाति कल्याण आयोग परिसर में इसका कार्यालय था। अध्यक्ष और सचिव के कमरे को तैयार करने लाखों रुपये खर्च हुए थे। मार्च 2024 तक 90 लाख 19 हजार रुपये खर्च हुए हैं। 2024-25 में भी आयोग को 1.25 करोड़ के बजट का आवंटन हुआ था। आयोग बनने के बाद इसकी कई बैठकें हुईं। आयोग ने सात सुझाव सरकार को भेजे थे। इनमें आयोग ने खुद को भी बंद करने का सुझाव भी दिया था। राज्य शासन ने नवाचार को नए विभाग सुशासन और अभिसरण में शामिल करते हुए जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग के लिए और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पृथक रूप से सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन मार्च में किया।



### सुशासन एवं अभिसरण विभाग का कार्य

भाजपा सरकार ने नए विभाग के रूप छत्तीसगढ़ सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया है। विभाग में प्रशासन के सभी स्तरों पर डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देते हुए इसके माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। विभाग नये विचारों एवं क्रिया विधि के संबंध में शोध और प्रशासनिक सुधार के कार्य भी करेगा। विभाग से सुशासन फेलोशिप और मुख्यमंत्री लोक प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदाय किया जाएगा। विभाग के अंतर्गत नीति विश्लेषण शिक्षण संस्थान और छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग को इसमें रखा गया है।

# भाजपा सरकार में 10 साल से अघोषित आपातकाल चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- संविधान खतरे में है, इसे बदलने की बात कही जा रही : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, आपातकाल का विरोध करने वाली भाजपा की सरकार ने 10 साल से देश में अघोषित आपातकाल लगा रखा है। संविधान खतरे में है, इसे बदलने की बात कही जा रही है। संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्र होकर काम नहीं कर पा रही हैं। लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है, आम जनता पर टैक्स लादा जा रहा है। बढ़ती महंगाई बेरोजगारी से हर वर्ग हताश और परेशान है।



उन्होंने कहा, जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। व्यापारी वर्ग डरा हुआ है, देश की संपत्तियां बिक रही हैं, यह असल मायने में आपातकाल है। 10 साल से देश में आपातकाल का दो कालखण्ड चल रहा था। अब तीसरा कालखण्ड शुरू हुआ है। आपातकाल का विरोध करने वाले संघ, भाजपा एवं अन्य दल के नेता अब खुद अपनी सरकार में खुलकर बोलने से डर रहे हैं। जो लोकतंत्र के सेनानी खुद को बताते थे, वह छिपे हुए बैठे हैं, सिर्फ पेंशन लेने के लिए सामने आते हैं। देश में लोकतंत्र के अधिकारों का उपयोग करने से रोका जाता है, किसान नौजवान आंदोलन करें, तो उन्हें देशद्रोही ठहराया जाता है। विपक्ष को डराया धमकाया जाता है। सदन से लेकर सड़क तक जनता के सवाल उठाने वालों की आवाज को दबाने सरकारी एर्जेसियों का दुरुपयोग किया जाता है। देश के संवैधानिक इतिहास में जितने अलोकतांत्रिक फैसले मोदी राज में हुए, उतने आज तक कभी नहीं हुए। असलियत यही है कि भाजपा और आरएसएस का मूल चरित्र ही लोकतंत्र विरोधी है।

## हर प्लांट में 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक, बारिश में नहीं होगी परेशानी

# मड़वा पॉवर प्लांट में भी इस बार मानसून के लिए भरपूर कोयला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मानसून में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के प्लांट में मड़वा में आमतौर पर कोयले के स्टॉक को लेकर परेशानी होती थी, लेकिन इस बार मानसून के लिए मड़वा में 3.30 लाख टन कोयले का स्टॉक है। यह स्टॉक 20 दिनों से ज्यादा का है। इसी के साथ कोरबा वेस्ट और श्यामाप्रसाद मुखर्जी तापगृह में भी 15-15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक है। मानसून में अगर भारी बारिश के कारण कोयले की आपूर्ति बाधित होती है तो भी बिजली उत्पादन में परेशानी नहीं होगी। मानसून के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर उत्पादन कंपनी हमेशा से ही पहले से कोयले का स्टॉक करने का काम करती है। नियम से कम से कम 15 दिनों का स्टॉक रहना चाहिए। अब तक मानसून से पहले कंपनी सभी प्लांट में 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक करती है, लेकिन मड़वा में स्थान की कमी के चलते ऐसा नहीं हो पाता था। ऐसे में मड़वा में करीब एक सप्ताह के आसपास का ही स्टॉक रहता था। मानसून में भारी बारिश होने पर मड़वा के प्लांट के प्रभावित होने का हमेशा खतरा रहता था। इसके लिए लगातार तैयारी की जा रही थी। अब वहां पर पर्याप्त स्टाक रखने का स्थान होने के कारण इस बार सबसे ज्यादा कोयले का स्टॉक मड़वा में है। इस प्लांट में 500 मेगावाट के दो यूनिट है। इन में रोज 16 हजार टन कोयला लगता है। ऐसे में इस समय इस प्लांट में 3.30 लाख टन कोयले का स्टॉक है।



### दूसरे प्लांटों में भी परेशानी नहीं

छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा वेस्ट के प्लांट में जहां कन्वेयर बेल्ट से 14 किलोमीटर दूर से कोयला आता है, वहीं श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्लांट के लिए कोयला ट्रेन से आता है। कोरबा वेस्ट में 210 मेगावाट के चार और एक पांच सौ मेगावाट का प्लांट है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप गृह में 250 मेगावाट के दो प्लांट हैं। इन दोनों में भी 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक है। इनमें स्टॉक रखने का पर्याप्त स्थान होने के कारण कभी परेशानी नहीं होती।

### पर्याप्त स्टॉक

मानसून के लिए सभी प्लांट में पर्याप्त कोयले का स्टॉक है। आमतौर पर मड़वा को लेकर परेशानी होती थी, लेकिन यहां पर 20 दिनों का स्टॉक है।

\- संजीव कुमार कटियार
एमडी, उत्पादन कंपनी

## खबर संक्षेप



### ग्रेडेशन लिस्ट जारी होने के बाद पूरी होगी पदोन्नति की प्रक्रिया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी और लोक शिक्षण संचालनालय की संचालक दिव्या मिश्रा से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना करने मांगपत्र सौंपा, जिस पर शिक्षा विभाग के सचिव ने कहा है कि वरिष्ठता सूची का अंतिम प्रकाशन कर शीघ्र पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, अन्य विषय पर भी समयानुसार निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर टीचर्स एसोसिएशन मुख्य मांगें, पूर्व सेवा के आधार पर पुरानी पेंशन के लिए कुल सेवा अवधि की गणना की जाए, पेंशन निर्धारण के लिए अर्हकारी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष की जाए, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर की जाए, पूर्व सेवा अवधि के आधार पर क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान किया जाए। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में सुधीर प्रधान, बसंत चतुर्वेदी, मनोज सनाढ्य, सुखनंदन साहू, नारायण चौधरी, नंद कुमार साहू, डॉ. सीएल साहू, अतुल शर्मा आदि शामिल थे।

### मेडिकल कांप्लेक्स में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**रायपुर।** रजबंधा मैदान स्थित मेडिकल कांप्लेक्स हॉल में 26 जून को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सिटी आई केयर हॉस्पिटल, सीजी हॉस्पिटल एवं रायपुर केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएसन द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि शिविर दोपहर 2 बजे शाम 6 बजे तक जारी रहेगा। शिविर में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. एस. जायसवाल, दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. रवि गोयल, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अमृता वर्मा, डॉ. एमएस श्रीवास्तव, डॉ. एस गोस्वामी, डॉ. महेंद्र दुवारे और डॉ. सारिका श्रीवास्तव आदि अपनी सेवाएं देंगे।

### क्रिश्चियन फोरम का आरोप-निर्दोषों पर हो रही कार्रवाई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अराजकता का माहौल है। कानून व्यवस्था खत्म हो गई है। निर्दोष आदिवासी नक्सल के बहाने मारे जा रहे हैं। 27 गंभीर हमले महिलाओं व धर्मस्थलों पर हुए हैं। एफआईआर तो दूर, शिकायत तक नहीं ली जा रही है। इन तमाम मुद्दों को लेकर सोमवार को छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फोरम के अध्यक्ष अरुण पन्नालाल ने पत्रकारवार्ता में बताया कि मोतीबाग से कलेक्टर कार्यालय तक समाज के लोगों द्वारा रैली निकाली जाएगी। साथ ही राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा जाएगा। इसके माध्यम से मांग की जाएगी कि पुलिस प्रशासन मामले की जांच करने के बाद कार्रवाई करे। किसी भी निर्दोष को जबरन परेशान न किया जाए। यह आग्रह भी राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से करेंगे।

# ब्लॉकेज से हार्ट का पंपिंग पॉवर हो गया कम, मरीज का माइट्रल वॉल्व प्रत्यारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 63 वर्षीय महिला का जटिल ऑपरेशन, सांस फूलने की थी शिकायत
- परिजन उसे एसीआई के हार्ट सर्जरी विभाग जांच कराने के लिए लेकर पहुंचे

हृदय की नसों में ब्लॉकेज की वजह से पंपिंग पॉवर कम हो गया और थोड़ी कमी से वृद्ध महिला का दम भरने लगा। शिकायत लेकर आंबेडकर अस्पताल पहुंची महिला का जटिल ऑपरेशन कर माइट्रल वॉल्व प्रत्यारोपित किया गया। कुछ दिन तक निगरानी में रखने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई।

महिला पिछले छह माह से सीने में दर्द और सांस फूलने की समस्या से पीड़ित थी। परिजन उसे एसीआई के हार्ट सर्जरी विभाग जांच कराने के लिए लेकर पहुंचे। एंजियोग्राफी एवं इको कार्डियोग्राफी से पता चला कि हृदय की कोरोनरी आर्टरी में 95 प्रतिशत ब्लॉकेज है एवं माइट्रल वॉल्व एवं ट्राइकस्पिड वॉल्व में लीकेज है। इसके उपचार के लिए कोरोनरी बाइपास सर्जरी एवं वॉल्व प्रत्यारोपण की सलाह दी गई। मरीज मध्यप्रदेश की रहने वाली थीं, मगर उसने एसीआई के सर्जन और चिकित्सकीय टीम पर भरोसा जताया। चिकित्सकों के अनुसार ऑपरेशन दो वॉल्व में लीकेज, हृदय कमजोर और अधिक उम्र होने की वजह से जटिल था।



### टाइटेनियम के कृत्रिम वॉल्व से बदला

सर्वप्रथम इस मरीज का बीटिंग हार्ट कोरोनरी बायपास किया गया, जिसमें लेफ्ट इंटरनल मेमरी आर्टरी का उपयोग किया गया। उसके बाद मरीज की ओपन हार्ट सर्जरी कर खराब माइट्रल वॉल्व को टाइटेनियम के कृत्रिम वॉल्व से बदला गया। मरीज को चिकित्सकों की निगरानी में रखने के 10 दिनों बाद अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। महिला को आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का लाभ मिला और उसका उपचार योजना के तहत निशुल्क हुआ।

**बिरगांव निगम को सरोरा व अछोली में अधूरे निर्माण को पूरा करवाने में बारिश के कारण होगा विलंब**

## मेन लाइन व सर्विस लाइन का काम अटका

# 104 करोड़ के प्रोजेक्ट में 8 टंकियां, 6 ही बना पाई एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम सीमा में हर घर में नल कनेक्शन देने की मुहिम टंकियों के निर्माण में विलंब के कारण अटकी हुई है। सरकार ने लोगों को पेयजल की बेहतर सुविधा देने के लिए जल आवर्धन योजना को मार्च 2023 मार्च तक पूरा करने के लिए समय देने के साथ ही 104 करोड़ की मंजूरी दी। वहीं एजेंसी से काम शुरू करवाने के बाद अभी तक प्रस्तावित 8 में से 6 टंकियों को ही शुरू किया है। अछोली और सरोरा में टंकियों का निर्माण ही नहीं, मेन लाइन व सर्विस लाइन का काम भी बचा हुआ है।

सरकार ने निगम को 2019 में 104 करोड़ की जल आवर्धन योजना की सौगात देते हुए 40 वार्डों में पेयजल की बेहतरी के लिए तैयार किए गए प्रोजेक्ट को शुरू किया। इसे तीन साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा था। अभी आलम यह है कि प्रोजेक्ट में शामिल कार्यों में से दो टंकियों का निर्माण करवाने के साथ ही मेन लाइन से कनेक्टिविटी और सर्विस लाइन बिछाने का काम भी करीब 6 किलोमीटर एरिया में बचा है। प्रोजेक्ट पिछड़ने की वजह जांचने पर पता चला कि पहले फेज में फिल्टर प्लांट की क्षमता बढ़ाने व नए इलाके में मेन लाइन बिछाने पर फोकस किया गया। इसे पूरा करने के बाद दूसरे फेज में टंकियों का काम शुरू करने के लिए समय पर फंड नहीं मिलने से विलंब की स्थिति बनी। नतीजा, अछोली में टंकी का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन यहां सर्विस लाइन का काम अभी बचा है।



### इस वजह से काम अधूरा

प्रोजेक्ट पिछड़ने का मुख्य कारण समय पर पाइप लाइन नहीं मिलना है। सूत्रों ने बताया कि केन्द्र शासन ने देशभर में चल रहे जल आवर्धन योजना के लिए पाइप लाइन की सप्लाई की जिम्मेदारी तीन कंपनियों को दी है। कंपनियों ने की गई डिमांड को समय पर पूरा नहीं किया। इससे निगम के वार्डों में पाइन लाइन बिछाने का काम 6 से 8 महीने पिछड़ा। अभी नल कनेक्शन में वाटर मीटर का काम भी अधूरा है। बताया जाता है कि करीब 12 हजार नलों में वाटर मीटर लगा, उनमें से 3 हजार से ज्यादा टूट-फूट का हिस्सा बना है।

### सितंबर तक का पूरा करने का लक्ष्य

अछोली में टंकी का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। एडिशनल पाइप लाइन बिछाने का काम ही बचा है। सरोरा में बिजली लाइन की वजह से टंकी का काम प्रभावित हुआ। बचे हुए काम को सितंबर तक पूरा करने का लक्ष्य है। अभी पेयजल की समस्या कही नहीं है।

- **बृजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त, नगर निगम, बिरगांव

### अभी लगेगा चार महीना

जल प्रदाय में तय काम को पूरा करने में अभी कम से कम चार महीना और लगने वाला है, क्योंकि सरोरा में निर्माणाधीन टंकी का काम 50 प्रतिशत ही पूरा हुआ है। वहीं अछोली में टंकी का निर्माण पूरा होने के बाद भी यहां 6 किलोमीटर एरिया में मेन लाइन और सर्विस लाइन बिछाने का काम बचा है। बरसात की वजह से काम प्रभावित होने की संभावना भी जताई जा रही है। इसे देखते हुए प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्रों ने अभी चार महीना और लगने की जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली से पहले बचे हुए काम को पूरा करने निर्देश है।

# अपातकाल के दौर में प्रताड़ित सेनानियों व उनके परिजनों का 26 को सीएम निवास पर सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सेनानी संघ ने लोकतंत्र के काले अध्याय को पाठ्यक्रम में शामिल करने की अपील

लोकतंत्र की दुहाई देने वालों ने लोगों के अधिकारों का हनन करते हुए विरोध प्रदर्शन करने वालों को जेल में डाल दिया था। गिरफ्तार होने वालों को यह भी नहीं पता था कि वे कभी बाहर की दुनियां भी देख पाएंगे। कुछ इसी तरह की जानकारी देते हुए लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने सोमवार को पत्रकार वार्ता में मुखातिब हुए। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व कांग्रेस सरकार ने अपातकाल का दंश झेलने वाले मीसा बंदी परिवारों का सम्मान भी बंद कर दिया था। अब भाजपा सरकार 26 जून को 300 से ज्यादा परिवारों का दोपहर 1 बजे सीएम निवास में सम्मान करेगी।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने आगे बताया कि 1975 से 1977 का समय लोकतंत्र की हत्या का काला अध्याय रहा है। न्यायालय द्वारा जिस चुनाव को अवैध करार दिया, उसके खिलाफ जाकर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दमनकारी नीति अपनाते हुए विरोध करने वालों को गिरफ्तार करवाया। ऐसे सैकड़ो परिवार के लोग आज भी उस दौर को याद करते हैं। मीसाबंदी परिवारों का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सम्मान के बाद संघ की ओर से अपातकाल के घटना क्रम को पाठ्य पुस्तक में प्रकाशित करने की मांग रखी जाएगी।

उन्होंने बताया कि मीसाबंदियों को मिलने वाली सम्मान नीधि की राशि के अंशदान से ऐसे परिवारों को शहर में किसी काम से आने पर आवास की सुविधा मिले, इसके लिए संघ द्वारा पहल की जाएगी।

# 'बार' वाले अब नहीं चलाएंगे कैंटीन, भूल गए अनुबंध करना, रविवि ने रद्द किया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कोरोनाकाल से बंद पड़ी रही रविवि की कैंटीन, नैक टीम ने भी जताया था रोष
- होटल द गोल्डन ऑक को दिया गया था ठेका, लड्डू सप्लाई को लेकर पूर्व में भी विवाद

पं. रविशंकर शुक्ल विवि ने द गोल्डन ओक को प्रदान किया गया कैंटीन का ठेका रद्द कर दिया है। रविवि ने बीते वर्ष दिसंबर में कार्यपरिषद की बैठक में हुए निर्णय के आधार पर कैंटीन के लिए टेंडर मंगाया था। इसके लिए तीन कंपनियों ने आवेदन किया था। इसमें होटल द गोल्डन ओक के अलावा रायपुर की श्री साईं सर्विस तथा कोरबा की श्री साईं सर्विस का भी नाम था। इनमें से होटल द गोल्डन ऑक को रविवि द्वारा ठेका दिया गया। अनुबंध के लिए खत 3 जनवरी को जारी किया गया। इसके बाद पुनः स्मरण खत 27 मई को जारी हुआ।

तय तिथि तक होटल द्वारा अनुबंध नहीं करने के कारण रविवि ने अब इसे निरस्त कर दिया है। जून के प्रथम पखवाड़े में हुई कार्यपरिषद की बैठक में रविवि द्वारा यह निर्णय लिया गया। हालांकि रविवि द्वारा यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि टेंडर दोबारा किया जाएगा अथवा पूर्व में निकाले गए टेंडर के लिए आवेदन करने वाले फर्म में से ही किसी को इसके लिए ठेका दिया जाएगा। मौजूदा हालातों को देखते हुए नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व कैंटीन खुल पाने की संभावना कम ही है।




### बाजार से कई गुना अधिक कीमत

जिस होटल गोल्डन ओक को रविवि द्वारा ठेका दिया गया था, उसके द्वारा तय की गई लड्डुओं की कीमत को लेकर पूर्व में भी विवाद हो चुका है। गणतंत्र दिवस पर इसी फर्म को बूंदी के लड्डू का ठेका दिया गया था। बाजार से कई गुना अधिक दाम पर लड्डुओं का वितरण किया गया था। बात में यह बात भी सामने आई थी, संबंधित होटल का रेस्त्रां बंद हो चुका है। केवल बार का ही संचालन उनके द्वारा किया जा रहा है।

### नैक ने जताई थी नाराजगी

गौरतलब है कि रविवि की कैंटीन कोरोनाकाल से बंद पड़ी है। बीते वर्ष नैक टीम निरीक्षण के लिए आई थी। रविवि का ग्रेड ए से घटकर बी पर आ पहुंचा था। टीम ने छात्रों को कैंपस में मिल रही खान-पान की सुविधाओं से लेकर अन्य व्यवस्थाओं पर भी नाराजगी जताई थी। नैक द्वारा जिन विभिन्न बिंदुओं पर विश्वविद्यालय को ग्रेड दिए जाते हैं, उसमें एक छात्रों को दी जाने वाली सुविधा भी है। नैक ग्रेडिंग घटने और सालभर बीत जाने के बाद भी रविवि द्वारा इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया जा सका है।

# अपराधों पर लगाम लगाने कमल विहार-भाठागांव व नवा रायपुर के सेक्टर 18 में पुलिस चौकी खोलने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कमल विहार और भाठागांव के अलावा नवा रायपुर के सेक्टर-18 क्षेत्र में बढ़ती अपराधिक वारदातों को देखते हुए पुलिस प्रशासन अब इन तीनों क्षेत्रों में पुलिस चौकी खोलने की तैयारी में है। इसके लिए प्रस्ताव भी बनाया गया है। फिलहाल इन जगहों पर अपराध रोकने के लिए पुलिस सहायता केंद्र बनाए गए हैं, जहां पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने सिविल लाइन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं एवं कानून व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करें।

इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें, क्योंकि छोटी घटना कभी भी बड़ा रूप ले सकती है। उन्होंने क्षेत्र के थाना प्रभारियों को चौकियां खोलने के लिए स्थान चिन्हांकित करने के लिए कहा है।

### पेंडिंग प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के निर्देश

उन्होंने लंबित अपराध, मर्ग एवं गुम इंसान के प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने, गुम इंसानों को विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी दस्तयाब करने, लंबे समय से लंबित शिकायत पत्रों का 15 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके अलावा पुराने प्रकरणों में फरार आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के भी निर्देश दिए हैं।

**पुलिस प्रशासन ने फिलहाल सहायता केंद्र बना लगाया बल**



### थाना प्रभारियों को चेतावनी

एसएसपी ने जिन थानों में अत्यधिक शिकायत लंबित है, उन थाना प्रभारियों को जल्द से जल्द शिकायतों को निराकृत करने संबंधी चेतावनी भी दी।

### चिटफंड व महादेव एप के पेंडिंग प्रकरणों की जांच में तेजी लाने के निर्देश

एसएसपी ने बैठक में महादेव एप और चिटफंड के पेंडिंग प्रकरणों में की जा रही जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए है। इसके अलावा गौ तस्करों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। नशे के खिलाफ जिले में चलाए जा रहे अभियान को लेकर भी उन्होंने कहा कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ न केवल सख्त कार्रवाई करें, बल्कि नशे के सामग्रियों को पकड़ने के दौरान उसके अंतिम सप्लाई चैन व आरोपियों की तस्दीक करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा अवैध रूप से शराब की बिक्री, भंडारण व परिवहन करने वालों पर अंकुश लगाने के लिए कहा।

## पीएम आवास में गड़बड़ी, उठ ...

की और बना किसी और के नाम से है जो गंभीर विवेचना का विषय है। वहीं, बिना आबंटन एवं बिना सदन की सहमति से आवास बनाये गये हैं, जिसका खुलासा जांच के बाद होगा। **नक्शा कहीं और का बना किसी और जगह पर:** प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए उसी स्थान का नक्सा खसरा दिया जाता है जहा पर उसका निर्माण किया जाना है लेकिन नगर पंचायत देवकर द्वारा नियम का मजाक बनाते हुए नक्शा किसी और जगह का लगाकर भवन निर्माण कहीं और किया गया है और बकायदा उनका भुकतान भी किया जा चुका है ।

**भवन अनुज्ञा के नाम पर वसूली:** सूत्रों की मानें, तो नगर पंचायत देवकर के कर्मचारियों द्वारा भवन अनुज्ञा के नाम पर फर्जी रसीद काटकर 5,000 से 10,000 तक की राशि वसूली जा रही है। तय जगह से अधिक निर्माण पर नगर पंचायत को शेष निर्माण में भवन अनुज्ञा लेने का अधिकार है, जो कि परिषद एवं पीआईसी से अनमोदित हो, लेकिन यहां बैठे लोगों द्वारा जनता को लूटने का काम किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत में प्रधानमंत्री आवास के नाम पर हो रहे फर्जीवाड़ा की जांच की जानी चाहिए, ताकि जनसेवक के रूप में बैठे लोगों को बेनक़ाब किया जा सके।

## नवनिर्मित न्यायिक ..

2024 के संबंध में पाम्प्लेट वितरण कर विधिक जागरूता शिविर आयोजन किया गया। उक्त शिविर पर लोगों को बताया गया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों धारा 138 पराकम्य लिखित अधिनियम, मोटरयान दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, प्री-लिटिगेशन प्रकरण का निराकरण के संबंध में जानकारी दी गई।

## पेज 9 के शेष

## श्री रामलला दर्शन के ...

विस्तार से समीक्षा की गई। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों, जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों, मुख्यमंत्री जनचौपाल, पीजीएन जनशिकायत का विस्तार से समीक्षा करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए है। **राजस्व मामलों के निराकरण में बरतें गंभीरता:** बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व से संबंधित मामले बेहद गंभीर और संवेदनशील होते हैं। राजस्व अधिकारी, राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गंभीरता का परिचय देते हुए वास्तविक निराकरण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राजस्व से संबंधित प्राप्त शिकायतों, मांगों और समस्याओं का निर्धारित समय में निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। इसके आलावा कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान कार्ड योजना, पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन, अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, नक्शा अद्यतीकरण सहित अन्य कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए है। इसके पश्चात कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग से जिला अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी और आईसीयू और विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों से निशुल्क दवा योजना को लेकर जानकारी ली। वही अस्पताल में साफ सफाई, सीवरेज लाइन, पर्ची काउंटर, हेल्पडेस्क काउंटर, मातृ शिशु केन्द्र, लेबर रूम, सिटी स्क्रेन सेन्टर एवं अस्पताल में दवा स्टोर पर दवाईयो की उपलब्धता की जानकारी ली। जिलाधीश ने अस्पताल में हमेशा डॉक्टर उपलब्ध रहने के निर्देश दिए अनुपस्थित पाये जाने की स्थिति में उन पर दण्डात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए ।

## मीठे जल को लेकर ...


भाजपाई अपनी सरकार से यह मांग करें कि पी एच ई विभाग जल्द से जल्द बेमेतरा शहर के सभी वार्डों में मीठे जलप्रदाय के लिए पाइप लाइन का विस्तार सभी वार्डों में करे। कांग्रेस को बदनाम करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। अगर भाजपा चाहती है कि समस्या का समाधान हो तो अपनी सत्ता सरकार से नगर पालिका बेमेतरा को मदद करें।

## विधायक दीपेश ...

का अपूर्ण कार्य है, बेमेतरा शहर के 6 चौक चौराहा एवं माता भद्रकाली प्रवेश द्वार के अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक निर्देश देने तथा डीएफ फंड का शेष राशि जारी करने एवं बेमेतरा शहर में जल आवर्धन योजना अंतर्गत पी एच ई विभाग को पाइपलाइन का विस्तार बचे हुए वार्ड में करने के लिए आदेशित करें। इस दौरान विधायक दीपेश साहू एवं कलेक्टर बेमेतरा ने नगरपालिका अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर और नगर पालिका में व्याप्त समस्याओं को शीघ्र ही निराकृत किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू के साथ पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि फनेंद्र मिश्रा, रेहाना वाहिद रवानी, घनश्याम देवांगन, राजू साहू, जया साहू, रानी सेन सहित धर्म वर्मा पार्षद उपस्थित रहे।

## आयुर्वेद चिकित्सकों के पांच साल पुराने पंजीयन का होगा नवीनीकरण

**रायपुर।** छग आयुर्वेदिक, यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद रायपुर द्वारा राज्य के विभिन्न आयुर्वेद संगठनों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (आचार एवं पंजीयन) विनिमय 2023 तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संबंध में वृहद चर्चा की गई।




### मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5 रूल्स 1 और 5)
दीवानी मुकदमा नं- CC/2023/ 313/सन 2024
अदालत- जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक- अभिजीत चाँदोरकर पिता श्री एन. आर. चाँदोरकर
अनावेदक- रामदेव ट्रेडर्स द्वारा जितेन्द्र जैन बनाम- (1) रामदेव ट्रेडर्स द्वारा जितेन्द्र जैन आयु- 40 वर्ष लगभग, बेरला चौक, मेन रोड अहिवारा, तहसील- बेरला, जिला- दुर्ग (छ.ग.) मो. नं.- 877037100/ 9993330767

क्योंकि मुददई मजकूर ने आपके खिलाफ उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 का मुकदमा दायर किया है, आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 30 माह 08 सन 2024 ई. को दिन के 11: 00 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठाक तौर से समझा दी हो और जोकि मुकदमें के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या) जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके ) मुकदमें का जवाब देने के लिए हाजिर हो जावो और आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखिरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से आपको उस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रखना होगा कि जिन पर आप अपने बचाव की पुष्टि के लिए भरोसा रखना चाहते हों।

आपको ताकीद की जाती है कि यदि आप तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो आपके गैर हाजिरी मे मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।

आज तारीख 21 माह 06 सन 2024 को अदालत की मुहर से जारी किया गया ।

(मुहर)
President
District Consumer Disputes Redressal Commission,
District- Durg (C.G.) Pin 491001

## खबर संक्षेप



### महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**दुर्ग।** केंद्रीय गोंड़ महासभा धमधा गढ़ द्वारा गोंडवाना की महान वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान पर सिविल लाइन दुर्ग में महारानी दुर्गावती की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर माल्यर्पण किया गया। पूरा माहौल महारानी दुर्गावती अमर रहें के नारों से गूंज गया। इस अवसर पर एमडी श्री ठाकुर ने महारानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डाला। समाज के लोगों ने 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर सीताराम ठाकुर, पन्नालाल नेताम, चुरामन कतलम, पार्षद महेश्वरी ठाकुर, ममता, पूर्णिमा, गीतेश्वरी, फेरुराम, राजेंद्र, गोल्डी, छात्र-छात्राएं व समाज के लोग उपस्थित रहे।

### स्काउट-गाइड के बच्चों ने किया योग



**दुर्ग।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित रविशंकर स्टेडियम मे 10वें योग दिवस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विधायक गजेन्द्र यादव विधायक, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, संभागायुक्त सत्यनायायण राठौर, आई.जी. आरजी गर्ग, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के साथ विभिन्न स्कूलों से आए 130 स्काउट-गाइड के बच्चो ने योग किया। पतंजलि योगपीठ के जयंत भारती और पंकज शर्मा के दिशा निर्देशन में योग कार्यक्रम मे स्काउटर गाइडर की सहभागिता रही। भारत स्काउट -गाइड के बच्चों ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और विधायक गजेन्द्र यादव को सेल्युट कर सम्मानित किया।

### 27 को जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर

**दुर्ग।** जिले के धमधा ब्लाक के ग्राम लिटिया में गुरुवार 27 जून को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस शिविर में समस्त विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों को उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है। शिविर शासकीय हाई स्कूल भवन लिटिया में पूर्वाह्न 10.30 बजे से प्रारंभ होगी।

### परिवीक्षाधीन अधिकारी कर रहे अभ्यास

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी एम भार्गव भाप्रसे सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई जिला दुर्ग के साथ संलग्न किया गया है। मिली जानकारी अनुसार सहायक कलेक्टर श्री भार्गव भाप्रसे को 24 जून से 30 जून तक आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई, 18 जून को प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के साथ, 19 जून को जिला कोषालय अधिकारी, 20 एवं 21 जून को प्रभारी अधिकारी वित्त शाखा दुर्ग के साथ प्रशिक्षण अभ्यास हेतु संलग्न किया गया था।

**अनदेखी :** खाद्य विभाग की अनदेखी से लोगों के स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा

# खाने-पीने की चीजों में धड़ल्ले से हो रहा अमानक रंगों का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़





नगर के ज्यादातर ठेलों में खाने पीने की चीजों में फ़ूड कलर का उपयोग जमकर देखने को मिल रहा है। ज्यादातर पनीर चिल्ली, फिंगर चिप्स, चाइनीज़ पकौड़ा, चिकन चिल्ली, पोटैटो चिल्ली जैसे फास्ट फ़ूड आईटम में फ़ूड कलर बेहद मात्रा में डाले जा रहे हैं, जिसका खामियाज़ा स्वाद के लालच में पड़े युवाओं को झेलना पड़ेगा। खाद्य विभाग ने भी अभी तक इन स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा उपयोग किये जा रहे फ़ूड कलर की कोई जांच करने की कार्रवाई नहीं की है।

दरअसल रोजाना दिन ढलते ही नगर के युवा एवं युवतियां चाइनीज आयटम के साथ फूड स्टॉल्स दिख जाया करते हैं। चटकदार रंग एवं चटपटे स्वाद के चलते इन फूड स्टाल्स पर लोगों भी भीड़ भी काफी टूटती है। खासकर युवा वर्ग शाम के वक्त बाहर कुछ चटपटा खाने के लिए निकलते हैं। चायनीज आइटम की यदि बात करें तो मोमोज, चाउमीन, फ्रेंच फ्राइस, पोटेटे रोल्स के साथ एग रोल का चलन तेजी से बढ़ा है। इन सभी चीजों को चटक रंग देकर ग्राहकों को परोसा जाता है, लेकिन बहुत कम दुकानदार ही बिना रंगों का इस्तेमाल करके खाद्य सामग्रियों को बनाते हैं। ज्यादातर लोग फ़ूड कलर का इस्तेमाल करते हैं,औऱ खाने के रंगों के साथ जहर परोसने का काम जारी है।

### होगी कार्रवाई

एफसीआई द्वारा प्रमाणित फूड कलर का उपयोग कम करने की अनुमति दुकानदारों को दी गई है। लेकिन इनका जरूरत से ज्यादा उपयोग भी स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। यदि कोई दुकानदार हानिकारक फूड कलर का उपयोग करता है, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**- राजू कुर्रे** फ़ूड सेफ्टी ऑफिसर, बेमेतरा

### कलर देखकर आकर्षित होते हैं ग्राहक

आज की चकाचौंध भरी दुनिया और तेज लाइफ स्टाइल ने आम लोगों को डिब्बा बंद और आकर्षक रंगों से सजे खाने के प्रति आकर्षण जगाया है। रेडिश फ्रेंच फ्राइ, चाउमिन, मंचूरियन की ग्रेवी देखकर ही लोगों के मुंह में पानी आ जाता है। वहीं, तंदूर में पक रहे लाल रंग के मुर्गे और मछली की बात ही निराली लगती है। लेकिन कहते हैं जो दिखता है, वही बिकता है। ऐसे में दुकानदार धड़ल्ले से फ़ूड कलर का इस्तेमाल खाने पीने की चीजों में करते हैं।

### एक्सपर्ट की सलाह

इस संबंध में नवागढ़ बीएमओ डॉ एमएम रजा कहते हैं कि बाजार में जंक फूड बनाने के दौरान, स्टोर करने के कारण या लोगों के नजर में खाने को स्वादिष्ट आकर्षित दिखाने के लिए फूड कलर का इस्तेमाल किया जाता है, जो सेहत के लिए हानिकारक है। कुछ फूड कलर में शरीर के अंगों को कमजोर करने के साथ-साथ ऐसी सामग्री मौजूद होती है, जो कैंसर होने का जोखिम भी बढ़ा सकते हैं। स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि आप आकर्षित दिखने वाले रंगीन खाद्य पदार्थों के सेवन से परहेज करें।

# शिक्षकों ने तीन माह में बच्चों को कक्षा के अनुरूप दक्ष करने की ली चुनौती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

- बेरला जोनस्तरीय दूसरे चरण के एफएलएन प्रशिक्षण का हुआ समापन

विकासखण्ड बेरला अंचल में चल रहे चार दिवसीय एफएलएन द्वितीय चरण प्रशिक्षण का समापन हो गया। जोन बेरला केंद्र क्रमांक 2 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शाला बेरला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निपुण भारत मिशन के उद्देश्य को लेकर रिस्पांस मिला।

प्रशिक्षण के दौरान एसआरजी जलेश जांगड़े के नेतृत्व में डीआरजी अंकलेश्वर पाटिल खिलेंद साहू अजिम प्रेमजी फाउंडेशन से विजय साव ने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों से सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। एसआरजी पवन कुमार देवांगन ने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों से एनईपी 2020 एनसीएफ-एफएस 2022 एफएलएन भाषा शिक्षण गणित शिक्षण के चार खंडीय रणनीति पर नवा जतन जादुई पिटारा ई जादुई पिटारा स्कूल रेडिनेश पुस्तकालय पर शिक्षकों से फीडबैक लिया गया। सभी शिक्षकों ने अपने शाला में पढ़ने वाले बच्चों के लिए चुनौती लेते हुए कहा कि 90 दिन का चुनौती लेते हैं कि बच्चों को अपनी कक्षा के अनुरूप दक्षता आधारित शिक्षा पर कार्य करते हुए। 90 दिन में 50 प्रतिशत बच्चों को कक्षानुरुप दक्षता हासिल करा लिया जाएगा। समापन समारोह में विकास खंड स्त्रोत समन्वयक खोमलाल साहू ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

# तालाब की पचरी व बाउंड्रीवाल में सालभर में ही आई दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत संडी में स्थित तालाब में बाउंड्रीवाल पचरी निर्माण सालभर बाद में दरार आ गई है। ग्राम संडी से सलधा मार्ग से लगे तालाब में बाउंड्रीवाल पचरी का निर्माण किया गया है इस मामले पर ग्रामीणों ने गुणवत्ताहीन कार्य पर सवाल खड़ा हो रहे है। वही बाउंड्रीवाल पचरी निर्माण में इंजीनियर व ठेकेदार के बिना ही मजदूर भरोसे कार्य को अंजाम देने के चलते सालभर में ही दीवाल गिरने को है।

जनप्रतिनिधियों के अनदेखा पन शासन प्रशासन की राशि पर खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही और खटिया निर्माण को अंजाम दे रहे है। वही मनमानी करते हुए निर्माण कार्य में जमकर गुणवत्ताहीन व घटिया मटेरियल की उपयोग किया गया है। ग्राम पंचायत संडी शासन प्रशासन की योजनाओं और मूलभूत की राशियों का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। जिस पर जनपद पंचायत बेरला अधिकारी व जिला प्रशासन को खबर तक नहीं है। जिला पंचायत बेमेतरा मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल ने कहा कि आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है। इसकी जांच का उचित कार्रवाई की जाएगी।

## योग दिवस...



**नवागढ़।** न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल में योग दिवस बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। प्रातः काल सभी शिक्षकों द्वारा योग किया गया व योग का अपने जीवन में महत्व समझा गया। साथ ही यह भी बताया गया कि कैसे योग एक व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक दोनों ही रूपों से स्वस्थ बना सकता है। योग हर व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। संस्थान के डायरेक्टर गजपाल सिंह खुराना व प्रिंसिपल मनिंदर कौर खुराना ने भी इस योग दिवस में हिस्सा लिया। साथ ही जितेंद्र पाल, रुस्तम मुर्मू, पोषण जैस्वाल, सीताराम निर्मलकर , पूनम तिवारी, भारती साहू, मालविका सिंह, निशा श्रीवास्तव, दीपंजालि मुर्मू,साधना कुशवाह, रुबाब खान,सुमित्रा बघेल, मनिषा घृतलेहरे, तिलेश्वरी घृतलेहरे, अंजलि कुर्रे, जास्मिन कोशले, पूजा जांगड़े, तृप्ति जैस्वाल, रोजिला खान, दीप्ति शर्मा, जानकी साहू, रेणुका मिश्रा, संतोषी साहू, ऋतु पाल, सानिया परवीन आदि शामिल रहे।

# दोपहिया चालकों को भेंट किया गया हेलमेट

**बालोद।** समाजसेवी और व्यवसायी डालचंद जैन ने अपनी पोती क्रिस्पी जैन के पांचवें जन्मदिन पर राहगीरों को हेलमेट का तोहफा दिया। दोपहिया चालकों को हेलमेट लगाने और यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने की खास–पहल उन्होंने की। यह पहल सुरेगांव थाना के सभी मुख्य मार्ग पर आयोजित किया गया। जहां समाज सेवी डालचंद जैन ने 15 लोगों को हेलमेट वितरण किया। इस कार्यक्रम में सुरेगांव थाना प्रभारी इंदिरा वैष्णव, पिता किशोर जैन, माता प्रणिका जैन, आरक्षक विकास साहू, बलदेव महावीर, संकेश्वर श्रीवास, रूपसिंह रावटे, किसन पटेल शामिल हुए। जिन्हें हेलमेट भेंट किया गया, उन्होंने क्रिस्पी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### गांव के एक व्यक्ति की हुई थी मौत

डालचंद जैन ने बताया कि अक्सर लोग हेलमेट नहीं पहनते हैं, कई बार लेकिन जब दुर्घटना होती है तो उनकी मौत तक हो जाती है, हाल ही में ग्राम घीना के एक राजमिस्त्री की परसवानी में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। ऐसे और भी कई हादसे बालोद जिले में होते आए हैं जिसमें अक्सर बाइक चालकों की मौत हो जाती है। इसके पीछे मूल कारण हेलमेट न पहनना भी होता है। अगर बाइक चालक हेलमेट पहने हो तो जान बचने की संभावना बढ़ जाती हैं। इसलिए उन्होंने सोचा कि अपने पोती के जन्मदिन को कुछ खास किया जाए और उन्होंने सुरेगांव थाना के समीप रहागीरों को हेलमेट बांटकर उन्हें इसे नियमित पहनने के लिए प्रेरित किया, ताकि सड़क हादसे कम हो।

# नवागांव (डू) में मनाया गया शहीद रत्तीराम सिन्हा का शहादत दिवस



**गुण्डरदेही।** अमर शहीद जवान रत्तीराम सिन्हा के गृहग्राम नवागांव (डू) में 25 जून को शहादत दिवस मनाया गया। इसी दिन रत्तीराम सिन्हा देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। कार्यक्रम में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद शामिल होकर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। विधायक ने सभा में कहा कि शहीद रत्तीराम पर सभी को गर्व है। कम उम्र में ही देश की सेवा करने और इस मिट्टी पर मर मिटने का सौभाग्य बहुत कम लोगों को मिलता है।

# अकड़ने लगा बच्चे का शरीर माता-पिता ने मांगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कलेक्टर जनदर्शन में सौंपा आवेदन



ढाई साल के बच्चे का शरीर अचानक अकड़ने लगा है और वह बोल भी नहीं पा रहा है। बच्चे के माता पिता आर्थिक रूप से इतना कमजोर हैं कि बच्चे का इलाज भी नहीं करा पा रहे हैं, ऐसे में बच्चे के माता पिता बच्चे को लेकर मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चे के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की।

जानकारी में अनुसार जिले के डौंडीलोहारा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम संजारी निवासी योगेश गौतम का ढाई साल का बेटा निशांत गौतम शारीरिक रूप से काफी कमजोर हो गया है। बच्चे की माता ममता गौतम ने बताया कि बच्चे की ऐसी स्थिति पहले नहीं थी, जब वह डेढ़ साल के ऊपर हुआ तब ऐसी स्थिति हुई है। बच्चे के माता पिता ने कहा कि रोजी मजदूरी करके बहुत मुश्किल से गुजारा होता है, ऐसे स्थिति में बच्चे का इलाज कराना संभव नहीं है, जिसके कारण शासन प्रशासन से बच्चे की ईलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग कर रहे हैं।

# ब्रम्हाकुमारी विवि में मनाई गई मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती की 59 वीं पुण्यतिथि





**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन अमापारा बालोद में 24 जून को संस्था की मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती की 59 वीं पुण्य स्मृति दिवस मनाई गई। इस अवसर पर सभी ब्रह्मा वत्सो ने माल्यार्पण अर्पित कर श्रध्दा सुमन अर्पित किये। बालोद संचालिका ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी दीदी ने मातेश्वरी के जीवन से संबंधित संस्मरण सुनाते हुए कहा कि मम्मा 16 वर्ष की उम्र में समर्पित हुई। वह एक कन्या थी, लेकिन सब उनको मम्मा, मां कहते थे। वे करूणा एवं वात्सल्य की प्रतिमूर्ति थी, कम उम्र के होते हुए भी यज्ञवत्सो को मां की तरह पालना देकर ज्ञान, गुण और शक्तियों से परिपूर्ण बनाया, इसलिए मम्मा को जगदम्बा सरस्वती भी कहते थे। मम्मा हमेशा कहा करती थी हर घड़ी अंतिम घड़ी है, इसलिए सदा श्रेष्ठ कर्म करना है, एक बार की हुई गलती कभी दोहराना नहीं है, इस तरह शिक्षा सावधानी देती थी। श्रध्दांजलि कार्यक्रम में बालोद, पाररास के साथ आस–पास के 25 गांव से लगभग 300 भाई–बहन उपस्थित थे।




ग्राम भैंसबोड़ में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

# डौंडीलोहारा ब्लाक देवांगन समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



ब्लॉक देवांगन समाज डौंडीलोहारा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण ग्राम भैंसबोड़ के स्थानीय दुर्गा मंदिर प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केदार देवांगन अध्यक्ष जिला देवांगन समाज बालोद थे, अध्यक्षता बेनीराम देवांगन निवृत्तमान अध्यक्ष ने की। विशिष्ट अतिथि बी.एल.देवांगन, वेद लाल देवांगन, सुरेंद्र देवांगन, पंचूराम देवांगन, टिकेंद्री ठाकुर सरपंच भैंसबोड़, घनाराम ठाकुर, टहल सिंह देवांगन एवं किशन देवांगन थे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। उसके बाद मुख्य अतिथि केदार देवांगन ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। राजेंद्र कुमार देवांगन डौडीलोहारा ने अध्यक्ष, रमेश कुमार देवांगन कोरगुडा ने सचिव, पंचराम देवांगन एवं शशि कला देवांगन भैंसबोड़ ने उपाध्यक्ष, धंजू देवांगन संबलपुर कोषाध्यक्ष, भगवंत देवांगन डौंडीलोहारा एवं देवाचंद देवांगन डेंगरापार ने सह सचिव के रूप में शपथ ली। इसी तरह ब्लॉक महिला देवांगन समाज से मुक्ता देवांगन डौडी लोहारा ने अध्यक्ष, कौशल्या देवांगन ने सचिव एवं युवा देवांगन समाज के अध्यक्ष के रूप में सेवन्त देवांगन खैरीडीह ने शपथ ली।

### सामाजिक भवन निर्माण के लिए दी सहयोग राशि

इस कार्यक्रम में निवृत्तमान पदाधिकारी एवं सम्मानित अतिथियों का ब्लॉक देवांगन समाज डौडी लोहारा द्वारा सम्मान किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में समाज को संगठित करने एवं एकता के सूत्र में बांधने की बात कही। ब्लॉक देवांगन समाज के लिए आवंटित भूमि ग्राम पंचायत बटेरा में भवन निर्माण के लिए प्रदेश कोषाध्यक्ष वेदलाल देवांगन, स्व राम बिहारी देवांगन एवं स्वर्गीय बिरझा बाई देवांगन की स्मृति में राजेंद्र कुमार देवांगन नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष डौंडीलोहारा तथा निवृत्तमान अध्यक्ष बेनीराम देवांगन ने 11-11 हजार रूपए सहयोग देने की घोषणा की। कार्यक्रम में रोहित कुमार, टेक राम, नरेंद्र कुमार देवांगन, कबिलास, देवव्रत, घनाराम, रमेश कुमार, लक्ष्मी नारायण भूषण, विष्णु देवांगन सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भूषण तथा आभार प्रदर्शन भगवंत देवांगन ने किया।



